तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

# हरिभूमि जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 1 अगस्त 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



एक राखी सैनिक भाई के नाम, जिले के गाइड्स-रेंजर्स ने तैयार कीं 3 हजार राखियां

4





2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in


## खबर संक्षेप

### स्वच्छ सर्वेक्षण में जनभागीदारी से बनेगी जिले की रैंकिंग

**जांजगीर-चांपा।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण का आयोजन भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय स्तर का सर्वेक्षण 25 जून से 14 अगस्त तक चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्राम पंचायतों की स्वच्छता व्यवस्था का आकलन कर उन्हें रैंकिंग देना है। जिले और राज्य की रैंकिंग इसी के आधार पर तय की जाएगी। ग्राम पंचायतों में ग्रामीण एसएसजी मोबाइल ऐप के माध्यम से दे सकते हैं अपना फीडबैक दे सकते है। सर्वेक्षण का कार्य भारत सरकार द्वारा चयनित स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से किया जा रहा है। इस सर्वेक्षण की सफलता जनभागीदारी पर निर्भर है, इसलिए राज्य सरकार द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। एसएसजी 2025 मोबाइल ऐप के माध्यम से ग्रामीण नागरिक अपने गांव की सफाई, शौचालय की स्थिति, कचरा प्रबंधन, और सामुदायिक स्थलों की स्वच्छता पर सीधे प्रतिक्रिया दे सकते हैं, जो सर्वेक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### लावारिस हालात में मिली कार को मप्र पुलिस को किया गया सुपुर्द

**जांजगीर-चांपा।** मध्यप्रदेश से लूट कर लाई गई कार पामगढ़ में लावारिस हालत में मिली। जिसे थाना प्रभारी व सायबर टीम की मदद से मध्यप्रदेश पुलिस को सुपुर्द किया गया है। पामगढु पुलिस को 30 जुलाई को सूचना मिली कि वार्ड क्रमांक 11 इंदिरा नगर पामगढ में स्वीप्ट डीजायर कार सफेद रंग का जिसमे नम्बर प्लेट नही है जो लावारिस हालत मे खडी थी। उक्त स्वीप्ट कार क्रमांक एमपी. 04 वाय डब्लयू 8739 को भोपाल से इंदौर जाने के लिये 3 अज्ञात लडकों के द्वारा बुक कराया गया था। जिसे 27 जुलाई की रात्रि मे चालक के द्वारा तीनो लडको को भोपाल से इंदौर के लिये निकले थे जो तीनो लडको के द्वारा थाना सोनकच्छ जिला देवास मध्यप्रदेश में चालक को चाकू से मारपीट कर चालक से 1000 रूपये एवं 1 मोबाईल को लूट कर भाग गये। बाद में पामगढ़ में लावारिस हालत में कार छोड़कर वे फरार हो गए। उक्त लूट के आरापीयों की पतासाजी की जा रही है। वहीं कार को पामगढ़ पुलिस ने मध्यप्रदेश पुलिस को सुपुर्द कर दिया है।

### 17 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन, हड़ताल लंबी चली तो बढ़ेगी परेशानी

# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए तहसीलदार भटकते रहे काम लेकर दफ्तर पहुंचे पक्षकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के तहसीलदार और नायब तहसीलदार अपनी 17 सूत्रीय मांग को लेकर गुरुवार 31 जुलाई से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल के पहले दिन ही इसका असर देखा गया। तहसील कार्यालय में अपना काम लेकर पहुंचे पक्षकार भटकते रहे और आख़रिकार बैरंक लौटना पड़ा।

अपनी मांगो को मनवाने के लिए तासीलदार और नायब तहसीलदारों ने आंदोलन की राह पकड़ ली है। जिला स्तर पर एक दिवसीय हड़ताल के बाद अब गुरुवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल हड़ताल शुरू हो गया है। अविभाजित जिले में 11 तहसील हैं। हड़ताल से सभी तहसील में काम प्रभावित हुआ।हड़ताल का पहले दिन ही असर देखने को मिला। पक्षकार इधर उधर भटकते दिखे और काम कराए बिना ही लौटना पड़ा।राजस्व का काम पूरी तरह प्रभावित हुआ। राजस्व का जमीन संबंधित प्रकरण, आय जाति निवास प्रमाण पत्र,किसान पंजीयन, भुईयां पोर्टल सहित अन्य जरूरी काम प्रभावित हुए। राजस्व न्यायलयो में सुनवाई नहीं हो सकी। किसानो के साथ ही व्यवसाई व आम नागरिक भी परेशान हुए। उल्लेखनीय है छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने राज्य शासन एवं विभाग को तहसील कार्यालयों की समस्याओं से अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं मिलने पर 28 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की थी। इसके तहत एक दिवसीय हड़ताल कर 28 जुलाई को जिला मुख्यालय जांजगीर में प्रदर्शन किया गया था। इसके बाद प्रदेश भर के तहसीलदारो ने रायपुर में भी प्रदर्शन किया गया, लेकिन कोई बात नहीं बनी। अब 30 जुलाई से अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू हो गई है। हड़ताल लंबी चली तो लोगों की परेशानी बढ़ सकती है।



अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते तहसीलदार व नायब तहसीलदार।

### तहसील कार्यालय में ठप रहा काम



**शिवरीनारायण।** तहसीलदार और नायब तहसीलदार के हड़ताल पर चले जाने के कारण शिवरीनारायण तहसील कार्यालय में सरकारी कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। प्रशासनिक गतिविधियों के ठप होने से आम नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जमीन संबंधी कार्य,जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, नामांतरण, बंटवारा,राजस्व वसूली जैसे आवश्यक कार्य लंबित पड़े हैं। हड़ताल के चलते कार्यालय में आने वाले पक्षकार निराश होकर बैरंग लौटे। तहसील कार्यालय में प्रतिदिन सैकड़ों लोग विभिन्न कार्यों के लिए पहुंचते हैं,किंतु अधिकारियों की अनुपस्थिति में उन्हें निराश लौटना पडा। कई लोगों को दूर-दराज के गांवों से पहुंचे थे। समय और धन दोनों खर्च करने के बावजूद उनका काम नहीं हो सका। पक्षकारों ने बताया नामांतरण के लिए पिछले कई दिनों से चक्कर काट रहा है। गुरूवार को फिर ऑफिस आए थे, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। कोई जानकारी भी नहीं दे रहा कि हड़ताल कब खत्म होगी। विदित हो कि हड़ताल में जाने की पश्चात किसानों और पक्षकारों की परेशानी दोगुनी हो गई। इस बीच स्थानीय नागरिकों और किसानों की परेशानियाँ बढ़ती जा रही हैं। आवश्यक कार्यों की लंबित स्थिति के कारण कई आर्थिक और सामाजिक समस्याएं जन्म ले रही हैं। यदि जल्द ही कोई समाधान नहीं निकला तो आने वाले समय में हड़ताल का व्यापक असर होगा।

### क्या है संघ की मांग

छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले 17 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि मांगों को लेकर लगातार ज्ञापन और आग्रह के माध्यम से शासन का ध्यान आकर्षित किया गया, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई है। तहसीलदार संघ की प्रमुख मांगों में राजपत्रित अधिकारी का दर्जा, पदोन्नति की प्रक्रिया में पारदर्शिता, वेतन विसंगति दूर करना और संविलियन शामिल हैं। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि तहसील कार्यालयों में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को मानव संसाधन, तकनीकी उपकरण, सुरक्षा व्यवस्था, शासकीय वाहन, कार्यालयीन सहयोग जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, जिससे नियमित कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही हैं।

# पीडीएस दुकान में 42 लाख का गबन, तीन आरोपी गिरफ्तार

### समूह अध्यक्ष और सेल्समेन ने की हेराफेरी



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

शासकीय उचित मुल्य दुकान से 42 लाख रूपया का चावल, नमक तथा अन्य खाद सामाग्री का गबन करने वाले एक महिला सहित 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में महिला समूह की अध्यक्ष और दो सेल्समेन शामिल है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विकास खण्ड बम्हनीडीह अंतर्गत शासकीय उचित मुल्य दुकान बिर्रा रोड चाम्पा का संचालन पूर्वा महिला स्व सहायता समूह चांपा की अध्यक्ष गंगाबाई खांडेकर व विक्रेता रितेश खांडेकर द्वारा किया जाता था। वहीं शासकीय उचित मूल्य दुकान कोटाडबरी चांपा का संचालन पूर्वा महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष गंगाबाई खांडेकर व विक्रेता रामेश्वर खांडेकर द्वारा किया जा रहा था। दोनों शासकीय मूल्य उचित दुकान की अध्यक्ष गंगाबाई खांडेकर एवं विक्रेता रामेश्वर खांडेकर एवं रितेश खांडेकर के द्वारा दोनों दुकानों से चावल, नमक व अन्य खाद्य सामग्रियों मे हेरफेर कर 42 लाख से ज्यादा रुपए का गबन किया गया। मामले की रिपोर्ट 4 मई को थाना चाम्पा में दर्ज कराई गई। विवेचना करते हुए पुलिस द्वारा आरोपियों को उनके ठिकाने से पकड़ा गया। पुलिस ने महिला समूह की अध्यक्ष गंगाबाई खांडेकर, सेल्समेन रामेश्वर खांडेकर व रितेश खांडेकर को पकड़कर धोखाधड़ी करने के सबंध में पूछताछ की। प्रारंभिक तौर पर वे पुलिस को गुमराह करते रहे लेकिन बारकी से पूछताछ करने पर सभी ने मिलकर शासकीय उचित मूल्य की दुकान से खाद्य सामग्री में हेराफेरी कर धोखाधड़ी करने का जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने घोघरानाला वार्ड क्रमांक 13 चांपा निवासी 29 वर्षीय गंगाबाई खांडेकर, 29 वर्षीय रितेश खांडेकर व 32 वर्षीय रामेश्वर खांडेकर के खिलाफ धारा 318 (4) 316 (5) 3(5) बीएनएस एवं 3,7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई की गई। सभी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी चाम्पा निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, उपनिरीक्षक उमेंद्र मिश्रा, बेल्सज्जर लकड़ा, आरक्षक मुद्रिका दुबे, शंकर राजपूत, आकाश कलोसिया, संजय साहू, वीरेश सिंह का योगदान रहा।

## जल आवर्धन योजना के काम की जांच में मिली खामियां, अफसर ने लगाई फटकार



निरीक्षण करती अधिकारियों की टीम।

**सक्ती।** सक्ती नगर में चल रहे जल आवर्धन योजना के कार्य की जांच करने गुरूवार को टीम पहुंची। जांच के दौरान काम में कई तरह की खामियां मिली। इस पर अफसर ने ठेकेदार को फटकार लगाते हुए गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए।

नगर में पेयजल सुविधा बेहतर करने के उद्देश्य से शुरू की गई जल आवर्धन योजना के काम में गुणवत्ता की कमी और लापरवाही को लेकर कलेक्टर तक शिकायत पहुंची थी। भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश यादव समेत अन्य लोगों ने भी शिकायत की थी। शिकायत के बाद गुरूवार 31 जुलाई को जल आवर्धन योजना के कार्यों की स्थिति का जायजा लेने अफसर पहुंचे। जांच टीम ने निरीक्षण किया। जांच दल में अपर कलेक्टर के.एस. पैकरा, पीएस एचई (मंडला) से अधिकारी, एसडीओ पवन अगवाल शामिल रहे। टीम ने नगर के वार्ड क्रमांक 17 एवं 18 में चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए तथा कार्य को इस प्रकार करने कहा कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान मिरौनी बैराज, महानदी प्लांट एवं टेमर में स्थापित जल संयंत्रों का भी दौरा किया गया। अधिकारियों ने संयंत्रों की स्थिति, जल आपूर्ति की व्यवस्था एवं तकनीकी संचालन की गहन समीक्षा की। इस दौरान नगर पालिका इंजीनियर श्री नायक, ठेकेदार प्रतिनिधि अंसारी, भाजपा जिलाकोषाध्यक्ष नरेश यादव, मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, एवं जिला उपाध्यक्ष संजय रामचंद्र भी उपस्थित रहे। टीम ने स्पष्ट किया कि जल आवर्धन योजना आमजन के जीवन से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

### पुलिस ने दी दबिश, 90 बोरी महुआ लहान को किया नष्ट

**जांजगीर-चांपा।** लावारिस हालत में 90 बोरी महुआ लहान को पुलिस ने नष्ट करने की कार्रवाई की ह। साथ ही 40 नग सिल्वर तबेला की जब्ती बनाई गई है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर सूचना पर शिवरीनारायण पुलिस द्वारा 31 जुलाई को मौके पर दबिश दी गई। इस दौरान नाला तरफ मौके पर लावारिस हालात में 90 बोरी महुआ लहान एवं शराब बनाने में उपयोग करने वाला बर्तन को जब्त करने की कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई के दौरान कोई आरोपी पकड़ में नहीं आया है। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी, एएसआई रामप्रसाद बघेल एवं थाना शिवरीनारायण स्टाफ का योगदान रहा।

## जान से मारने की नीयत से प्राणघातक हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जान से मारने की नियत से प्राण घातक हमला करने वाला आरोपी को पामगढ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं 4 आरोपियों को पूर्व में जेल भेजा जा चुका है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना पामगढ़ क्षेत्र के ग्राम धाराशिव में मामुली बातो को लेकर दो पक्षों में हुए थे मारपीट की घटना हुई थी। 21 जून की रात्रि 08.15 बजे प्रार्थी राधेश्याम राठौर निवासी ग्राम धाराशिव के घर के पास आरोपी अभिषेक गोस्वामी, दिग्विरजय सिंह, आयुष राठौर, देवेन्द्र राठौर, सुधीर राठौर एवं 10-15 लोग मिलकर मारने के लिये लडाई झगडा विवाद किये। दिग्विजय राठौर एवं 10-15 लोगों ने अभिषेक गोस्वामी, आयुष राठौर, देवेन्द्र राठौर, ओंकार राठौर, सूरज यादव, योगेश राठौर, सुधीर राठौर एवं चंद्रशेखर राठौर पर हमला कर रिदया। जिससे दिनेश राठौर को गंभीर चोंट लगी थी कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपीयों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस ने 4 आरोपी चंद्रशेखर राठौर, देवेन्द्र राठौर, दिग्विजय सिंह राठौर एवं सूरज कुमार यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

### पैसे की मांग कर मारपीट करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार



**जांजगीर-चांपा।** बुढ़बहन देशी शराब के पास एक युवक से शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने तथा मारपीट करने वाले अपचारी बालक समेत 3 आरोपियों को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिंघरीपारा निवासी दिलीप कुमार यादव 24 जुलाई को बुडगहन देसी शराब भट्ठी के पास में रोड किनारे खड़ा था। इस दौरान सूरज पाटले उम्र 24 वर्ष एवं विजय बघेल उम्र 25 वर्ष ने शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगे। रुपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे से मारपीट कर करने लगे जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना बलौदा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया एवं विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक को किशोर न्यायालय में पेश किया गया।

## परिवार परामर्श केन्द्र में एक माह के भीतर 149 प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा





प्रकरणों की सुनवाई करते अफसर।

परिवार परामर्श केन्द्र जांजगीर में माह भर के भीतर 149 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। वहीं 34 प्रकरणों में आपसी सहमति से राजीनामा कराया गया।

परिवार परामर्श केन्द्र, जांजगीर में संचालित किया जा रहा है। जिसमें आवेदक व आवेदिकाओं द्वारा विभिन्न प्रकार की समस्याओं जैसे घरेलु हिंसा, पति-पत्नी में आपसी विवाद, दहेज प्रताड़ना, परिवारिक सामंजस्य, नशाखोरी से उपजे विवाद, शारिरिक शोषण, मारपीट, आर्थिक समस्या एवं अन्य समस्या से पीड़ित परिवार को पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र जांजगीर द्वारा जुलाई महीने के भीतर 149 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इनमें 34 प्रकरणों को आपसी सहमति से निराकरण किया गया। परिवार परामर्श केंद्र का उद्देश्य पुलिस थाना एवं न्यायालय जाने से पूर्व दोनों पक्षों को समझाइस देना, पति-पत्नी में मनमुटाव, वैचारिक मतभेद एक दूसरे को शक संदेह करना जिसके कारण लड़ाई झगड़ा होकर पति - पत्नी अलग-अलग रहते हैं। माह जुलाई 2025 में 194 प्रकरणों की काउंसलिंग की गई जिसमें 34 प्रकरण राजीनामा, 29 प्रकरण न्यायालय जाने, 14 प्रकरण कानुन कार्यवाही संबंधित थाना चौकी को भेजा गया। बैठक में मामलों की सुनवाई में परामर्श दात्रि काउंसलर व सदस्यगण एवं डीएसपी श्रीमती सात्यकला रामटेके, निशा पाण्डेय, एनूका तिर्की, कविता भारद्वाज, महिला आरक्षक नीतू फर्रे, रेणु कुजूर, लक्ष्मी, सुधा सोम उपस्थित थे।

### अब तक 108 गौवंशियों को लगा रेडियम पट्टा, 23 सौ से अधिक की हो चुकी टैगिंग

# हादसे रोकने घुमंतू मवेशियों के गले में लगाए जा रहे रिफलेक्टिव बेल्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सड़क हादसों में कमी लाने के उद्द्रेश्य से जिले में घुमंतू पशुओं को रिफ्लेक्टिव बेल्ट और टैग लगाने का कार्य किया जा रहा है। अब तक 183 पशुओं मे रेडियम रिफ्लेक्टिव बेल्ट लगाया जा चुका है तथा 2385 पशुओं मे टैगिंग किया जा चुका है।

शासन प्रशासन की तमाम कोशिशों के बावजूद सडक हादसे कम होने का नाम नहीं ले रहे। हर दिन कही ना कही सड़क हादसे में जान जा रही है। बरसात के दिनों में घुमंतु मवेशियों के कारण हादसे ज्यादा होते है। इन दिनों सड़कों पर हर ओर आवारा मवेशी नजर आ रहे है। ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी इलाकों की सड़कों पर भी मवेशी विचरण कर रहे है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी जगह जगह मवेशियों का जमावड़ा दिख रहा है। सड़क पर विचरण करते मवेशी हादसों का कारण बन रहे है। ऐसे मवेशियों से टकराकर जहां सडक पर चलने वाले वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे है, वहीं मवेशियों की जान पर भी खतरा मंडरा रहा है। मवेशियों के कारण हो रही परेशानी को देखते हुए सड़क हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से इन दिनों घुमंतु मवेशियों के गले में रेडियम पट्टा लगाने के साथ ही टैगिंग का कार्य किया जा रहा है। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. ए. एल. सिंह ने बताया कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में घुमन्तु पशुओं की सुरक्षा के तारतम्य मे जिले के सभी प्रमुख राजमार्गो मे विभाग द्वारा रेडियम रिफ्लेक्टीव बेल्ट लगाकर टैगिंग किया जा रहा है, जिससे सड़कों पर इनके बैठने या आने से रात में वाहन चालको को दूर से पशुओं के होने का आभास हो सके तथा पशुओं व आम नागरिकों को दुर्घटना की संभावनाओं से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि अब तक 183 पशुओं मे रेडियम रिफ्लेक्टिव बेल्ट लगाया जा चुका है तथा 2385 पशुओं मे टैगिंग किया जा चुका है एवं उक्त कार्य निरंतर जारी है।



मवेशी के गले में रेडियम पट्टी बांधते लोग।






बरसात के मध्य श्रावणी मौसम में फिसलन युक्त

## खबर संक्षेप

### न्यौता भोज में छात्र-छात्राओं को बांटे चरण पादुका

**चांपा।** कदंब चौक रानी रोड स्थित टाउन पूर्व माध्यमिक कन्या शाला में न्यौता भोज का आयोजन किया गया। सबसे पहले मां सरस्वती की छाया चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात शाला परिवार के सदस्यों राजीव नयन शुक्ला ,नागेश देवांगन रविन्द्र राठौर आदि ने अतिथि के रुप मे उपस्थित भाजपा जिला महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा, कार्यक्रम के आयोजक कृष्ण कुमार देवांगन महेन्द्र धर दीवान पार्षद पुरुषोत्तम शर्मा अनंत थवाईत , मंगलचंद देवांगन,पार्षद ललित देवांगन नंदकुमार देवांगन,सुनील बनकर , पुरुषोत्तम विश्वकर्मा, किशोरी देवांगन आदि का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उपस्थित लोगों को पुरुषोत्तम शर्मा, महेन्द्र धर दीवान, अनंत थवाईत और देवांगन के परिवार के सदस्यों ने संबोधित किया। इस न्यौता भोज कार्यक्रम में समाजसेवी कृष्ण कुमार देवांगन और उनकी धर्मपत्नी पुष्पा देवांगन ने छात्र-छात्राओं को चरण पादुका पहनाया गया, फिर छात्र छात्राओं के साथ ही कार्यक्रम मे उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रुप से न्यौता भोज का आनंद उठाया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रविन्द्र राठौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

### संगठन विस्तार को लेकर आम आदमी पार्टी की हुई बैठक



**मालखरौदा।** आम आदमी पार्टी द्वारा पूरे राज्य में संगठन विस्तार अभियान तेज़ी से चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 27 जुलाई को मालखरौदा रेस्ट हाउस में ज़िला स्तरीय संगठन विस्तार को लेकर बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव एवं मुख्य प्रवक्ता सूरज उपाध्याय, प्रदेश संगठन महामंत्री जसबीर सिंह चावला, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका शुक्ला तथा प्रदेश संगठन मंत्री अभिषेक मिश्रा रहे। मंच पर सभी प्रदेश पदाधिकारियों ने संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए और शक्ति जिले में पार्टी के सांगठनिक ढांचे को और अधिक मजबूत करने पर ज़ोर दिया। बैठक की अध्यक्षता सक्ती जिला अध्यक्ष ईश्वर साहू ने की। उन्होंने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि शक्ति जिले में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया जाएगा। प्रत्येक सेक्टर, वार्ड, ग्राम और बूथ पर अध्यक्षों एवं अन्य पदाधिकारियों की शीघ्र ही नियुक्ति की जाएगी। ओबीसी विंग जिला अध्यक्ष टिकेश्वर चंद्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता आज पारंपरिक दलों से त्रस्त हो चुकी है और अब उन्हें एक सशक्त विकल्प की आवश्यकता है, जिसे आम आदमी पार्टी पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और जनहित की भावना से प्रदान करने को तैयार है। इस बैठक में जिलेभर के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## निधन

### विजय धीवर



**बलौदा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक वार्ड नंबर-5 धीवर मोहल्ला निवासी विजय धीवर (टिंकु) का रविवार 27 जुलाई को निधन हो गया। वे 32 वर्ष के थे। वे अपने पीछे दो पुत्री भूमि धीवर एवं तुलसी धीवर सहित भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्निक उनके भतीजे ने दी। उनके अंतिम यात्रा में परिजन, सजातीय बंधु सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### राजेश मन्नेवार



**बहेराडीह।** समीपस्थ ग्राम सुखरीखुर्द के प्रतिष्ठित नागरिक राजेश मन्नेवार का शनिवार 26 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया। वे सिवनी भद्रा में स्थित ऑटो गैरेज के संचालक थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### छात्रों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को सर्प के संबंध में दी गई जानकारी

# बारिश के दिनों में करैत सांप से सावधान, बचकर रहना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

एलिगेंट पब्लिक स्कूल में नाग पंचमी शिक्षा परख एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ मनाई गई। छोटा स्पेक्टिकल कोबरा लेकर कार्यक्रम में पहुंचे सर्पमित्र विवेक शर्मा ने इस अवसर पर स्कूली छात्रों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को सभी सर्प एवं नाग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

स्मार्ट बोर्ड पर अपने सहयोगी पवन तिवारी के साथ सचित्र रूप से सर्प के बताया कि छत्तीसगढ़ में मुख्य रूप से करैत एवं नाग जाति के सांप ही जहरीले होते हैं। इसके अलावा वुल्फ स्नेक और धमना पीटपीटी विष रहित होते हैं। बारिश के दिनों में विशेष कर करैत सांप से सावधान एवं बचकर रहना चाहिए। प्रायः देखा जाता है सर्पदंश से होने वाली मृत्यु के पीछे करैत सांप ही होता है। उन्होंने बताया कि महाभारत काल में अर्जुन के पोते परीक्षित की मौत तक्षक सांप के काटने से हुई थी तो परीक्षित के पुत्र जन्मेय ने अपने पिता की मृत्यु का बदला लेने के लिए नाग दाह यज्ञ का आयोजन किया था। जिस यज्ञ में सभी सांप यज्ञ कुंड में आकर जलने लगे। जब तक्षक सांप का नाम लिया गया तब आस्तिक मुनि ने जन्मेय से तक्षक को बचाया और उसे पर शीतल दूध डालकर अग्नि की गर्मी शांत की। शर्मा ने बताया कि सांप दूध नहीं पीते हिंदी फिल्मों में दिखाकर यह भ्रांति लोगों में फैला दी गई है। उन्होंने सर्प संबंधी बच्चों की जिज्ञासा भी शांत की और उन्हें सर्प से डरना नहीं और पहले से उलझना नहीं है का सूत्र दिया। कार्यक्रम समाप्ति के पूर्व नागेंद्र गुप्ता, विक्की मनमानी, अनिल सोनी एवं एलिगेंट परिवार ने सर्पमित्र विवेक शर्मा और उनके सहायक सर्पमित्र पवन तिवारी का फूल माला और श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल बिश्वजीत रथ, सारिका अग्रवाल, रजनी तिवारी, सुनीता बरेठ ,चंद्रिका साहू सोनाली शाह ,अंतरा कर्ष, ज्योति शर्मा ,ज्योति सोनी ,प्रगति पांडे, मनीषा पटेल, भूमिका पटेल अंजली केंवट,श्वेता साहू, शिवम सोनी एवं स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रिंसिपल ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।



उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को जानकारी देते सर्पमित्र विवेक शर्मा।

## तुलसीदास ने भगवान रामचंद्र के चरित्र को जन-जन तक पहुंचाने का किया कार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

- शिवरीनारायण मठ में हर्सोल्लास पूर्वक मनाई गई तुलसी दास की जयंती

धर्म एवं आध्यात्म की पावन धरा शिवरीनारायण मठ में गोस्वामी तुलसीदास महाराज की जयंती श्रद्धा भक्ति पूर्वक धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर दूर-दूर के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों से आए हुए मानस के वक्ताओं ने गोस्वामी तुलसीदास और श्री रामचरितमानस की कथा लोगों को सुनाया।

महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज, कसडोल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अरुण मिश्रा एवं आयोजक निरंजन लाल अग्रवाल की गरिमामय उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रोताओं को संबोधित करते हुए राजेश्री महन्त महाराज ने कहा कि- पन्दरह सौ चौवन विसे,कालिन्दी के तीर। श्रावण शुक्ला सप्तमी तुलसी धरयो सरीर।। अर्थात तुलसीदास जी महाराज का जन्म संवत 1554 में जमुना जी के किनारे श्रावण मास के शुक्ल पक्ष के सप्तमी को हुआ था। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने भगवान रामचंद के चरित्र को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। तुलसी जयंती के अवसर पर हमें न केवल मानस के वक्ताओं एवं श्रोताओं को बल्कि तुलसी दास जी की ही तरह भगवान के चरित्र को जन-जन तक पहुंचने वाले पत्रकार बंधुओ को भी सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह हम सभी के लिए अत्यंत ही गौरव का विषय है। पूर्व विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि -धर्म न अर्थ न काम रूचि गति न चहौ निरबान। जनम जनम रति राम पद यह बरदान न आन ।। मानस मर्मज्ञ दिनेश गोस्वामी ने कहा कि- अस्थि चर्म मय देह मम्‍ता ऐसी प्रीत।। मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव ने भी लोगों को संबोधित किया और कहा कि साहित्य जगत में तुलसीदास महाराज का अतुलनीय स्थान है, इसलिए साहित्यकारों ने लिखा है कि- सूर -सूर तुलसी शशि, उडगन केशव दास। अब के कवि खाद्योत सम, जहं-तहं करत प्रकाश।। श्रद्धालुओं को मानस मर्मज्ञ राजेंद्र शर्मा, गंगाराम केवट, भगत राम साहू, गंगाराम पटेल, बिहारी लाल भारद्वाज, सीताराम डडसेना, के के शुक्ला, सहित अनेक मानस वक्ताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय जांजगीर, शिवरीनारायण तथा आसपास के क्षेत्रों से आए हुए पत्रकार बंधुओं तथा मानस वक्ताओं, श्रोताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राधेलाल जायसवाल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्तियार सुखराम दास, त्यागी जी महाराज, पुरेंद्र सोनी एवं मठ मंदिर के कर्मचारियों ने योगदान दिया।

## सेमरिया में हुई नाग देवता की पूजा-अर्चना



**बिर्रा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में नाग पंचमी के दिन स्कूल के दीवार पर गोबर से नागदेवता का चित्र बनाकर छात्र छात्राएं,स्व सहायता महिला समूह एवं शिक्षकों ने पूजा अर्चन की। तत्पश्चात प्रभारी प्रधानपाठक उमेश कुमार दुबे ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ-साथ, धार्मिक, सांस्कृतिक स्वच्छता, खेलकूद के साथ-साथ व्यवहारिक जीवन में नागों की पूजा सम्मान में मनाया जाने वाला एक पारंपरिक हिंदू त्योहार है जो श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। यह त्योहार नागों की पूजा के लिए समर्पित है, विशेष रूप से भगवान शिव के सर्प साथी वासुकी और अन्य नाग देवताओं की नाग पंचमी मनाने के पीछे कई पौराणिक कथाएं हैं। उन्होंने आगे बताया कि ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार राजा परीक्षित के पुत्र जन्मेजय ने अपने पिता की मृत्यु का बदला लेने के लिए नागों के खिलाफ एक यज्ञ किया था। इस यज्ञ में कई नाग मारे गए,जिससे नागों का विनाश होने लगा। तब आस्तिक मुनि ने यज्ञ को रोककर नागों की रक्षा की। उस दिन पंचमी तिथि थी, इसलिए नाग पंचमी मनाई जाती है। इस अवसर पर शिक्षक टीकाराम गोपालन, कैलाश खूंटे,कौशल यादव, अनुपमा जांगड़े, अशोक जांगड़े, जय मां संतोषी महिला स्व-सहायता समूह पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## देवरी में मनाया गया नगमत, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**देवरी-सारागांव।** ग्राम पंचायत देवरी में नागपंचमी के पावन अवसर पर पारंपरिक नगमत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें श्रद्धालु कीचड़ में सांप की तरह लोटकर नाग देवता की पूजा करते हैं। इस आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सुरेश कुमार देवांगन, मनीष कुमार केवट (सरपंच, देवरी), विशिष्ट अतिथि मुकेश कुमार सागर (सरपंच, अमरुवा), अमरजीत राठौर, रामगोपाल यादव (पार्षद प्रतिनिधि), धरमजीत सिंह राठौर (भाजपा युवा नेता), डॉ. भांजे गबेल व डॉ. कैलाश निर्मलकर की उपस्थिति में हुआ। गांव के फाटकपारा से रैली निकालकर जो भ्रमण करते हुए मंगलवार बाजार चौक तक पहुंची। वहां शाम 4 बजे से विशेष पूजा अर्चना कर नगमत कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में सूर्यवंशी समाज से गणपत, रामखिलावन टंडन, रामबगस कालेलकर, डॉ. रवि प्रधान, उदेराम टंडन, सम्मेलाल, महावीर, जीवनलाल, शिवचरण, सुनाऊ, पवन, प्रदीप, गुलाबचंद, रमेश, मोहित, भीखम, जगदीश प्रधान, फिरतू, उत्तरा, जनकराम, होरीलाल, गनेशराम, राजू, गोपाल, तेरस, कौशलेन्द्र, लखन, संतोष, हिराकली, पंचराम, श्रवण, पुष्पेंद्र, रामशंकर, जवाहिर, संतराम सहित समाज के लोगों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस मौके पर श्रीराम बरेठ, रामचरण साहू, नर्मदा राठौर, खीखराम भानू, रथू बरेठ, छेदूराम कर्ष, रामसिंह राठौर, भुरवा बरेठ, जीतू बरेठ, नारायण कर्ष, जयप्रकाश बरेठ, अशोक बरेठ, बुधराम बरेठ, सोनू यादव, प्रताप कर्ष, एस. कुमार कर्ष, भागवत श्रीवास, कुशलसिंह राठौर, रामप्रसाद साहू, रामभरोस बरेठ, पलटन यादव, विष्णु राठौर, सतीश साहू सहित अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति रही। नगमत पूजा में सभी श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और नाग देवता की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की।



## जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्कूलों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- निशुल्क गणवेश, पाठ्य पुस्तक एवं मध्यान भोजन के संबंध में ली जानकारी

जिला पंचायत अध्यक्ष इंजीनियर सत्य लता आनंद प्रकाश मिरी के द्वारा अकलतरा विकासखंड के ग्राम कटनई के प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला, ग्राम मौहडीह के शासकीय प्राथमिक शाला, शासकीय प्राथमिक शाला सोनाईडीह, शासकीय प्राथमिक शालाबिरकोनी एवं कस्तूरबा कन्या विद्यालय हरदी, शासकीय हाई स्कूल बरगवां सहित शासकीय छात्रावास कोटमीसोनारका निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में विद्यार्थियों को मिलने वाली निशुल्क गणवेश, पाठ्य पुस्तक ,मध्यान भोजन ,सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिल सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली गई। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शालाओं के कक्षाओं में जाकर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से अध्यापन कार्य के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए अपनी पढ़ाई पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के अभिभावकों को भी प्रेरित करते हुए अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए कहा जिससे वे जीवन में अच्छी मुकाम हासिल कर सके एवं बेहतर जीवन जी सके। कोटमी सुंदर में छात्रावास के निरीक्षण के दौरान अधीक्षक के अनुपस्थित मिलने पर उन्होंने फटकार लगाते हुए अधीक्षक को छात्रावास में रहने की हिदायत दी। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटनई का भी निरीक्षण किया एवं यहां कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों को नियमित रूप से उपस्थित होकर ग्राम वासियों को स्वास्थ्य सेवा देने को कहा। इस दौरान भाजपा ग्रामीण मंडल अकलतरा अध्यक्ष पवन यादव, भाजपा ग्रामीण मंत्री ललित सोनी, अनुराग मधुकर उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान छात्राओं से चर्चा करती जिला पंचायत अध्यक्ष।

## राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का हुआ चयन

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वाधान में 8 अगस्त से जगदलपुर में होने वाली राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए जांजगीर चांपा जिले के खिलाड़ियों का चयन नगर के पंडित दीनदयाल स्टेडियम में किया गया। सिलेक्शन ट्रायल के दौरान मुख्य ड्रॉ में भगत राम कश्यप के साथ क्वालीफाई राउंड में खेलने के लिए क्रमशः अतुल कुमार साहू ऋतुराज सिंह प्रशांत सारथी रितेश कुमार देवांगन एवं अमित कुमार साहू का चयन किया गया। जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष विजय सिंघानिया सचिव ब्रजेश अग्रवाल सहित अजय गट्टानी, कैलाश ताम्रकार, राकेश जैन , लक्ष्मीकांत पुरोहित एवं जिला बैडमिंटन संघ के सदस्यों के द्वारा चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की मंगल कामना प्रेषित की गई।

**राजस्व मामले में नोटिस**
**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
अ.प्र.क्र. 2023110601000051/अ-89(15)/2023-24
**ग्राम-कलमीटार तहसील-बलौदा**

पक्षकार :- श्रीमती लाकेश्वरी यादव पति श्री देशराज यादव जाति यादव निवासी नवागांव तहसील बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) ....**अपीलार्थी**

**बनाम**

कुमारी जानकी कंवर वगैरह

प्रति,

1. कुमारी रमशीला यादव पिता श्री समुंदराम यादव निवासी नवांगाव पोस्ट पहरिया तहसील बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
2. कुमारी रामेश्वरी धनुवार पिता श्री दुलारसाय धनुहार जाति धनुहार निवासी खरमोरा पो. पहरिया तहसील बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
3. श्रीमती ज्योति कंवर पति श्री लोकसिंह कंवर जाति कंवर निवासी चितापाली तहसील बरपाली जिला कोरबा (छ.ग.)
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
5. परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

अपीलार्थी श्रीमती लाकेश्वरी यादव पति श्री देशराज यादव निवासी नवागांव ने परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना / बलौदा द्वारा जारी आंगनबाड़ी सहायिका नियुक्ति आदेश दिनांक 23/08/2023 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत कर उक्त आदेश को निरस्त करने की मांग की गई है। आपको पक्षकार के रूप में संयोजित किया गया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 19/08/2025 को दिन के 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात होने के लिय सयम किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवानो प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सभी प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए नियत दिनाक 19/08/2025 है वह इस वाद के निपटारे के लिए नियत है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारिख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। आज दिनांक 18/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की सील मुद्रा लगा कर जारी किया गया।

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर**
**जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र /ब-121/2024-2025
ग्राम सोनसरी तहसील अकलतरा

आवेदक श्री प्रतीक दुबे पिता चन्द्रप्रकाश दुबे एवं आवेदिका श्रीमती दिब्या पति प्रतीक दुबे जाति ब्राम्हण दोनो निवासी ग्राम सोनसरी तहसील अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**बनाम**

छत्तीसगढ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम सोनसरी तहसील अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रतीक दुबे पिता चन्द्रप्रकाश दुबे एवं आवेदिका श्रीमती दिब्या पति प्रतीक दुबे जाति ब्राम्हण दोनो निवासी ग्राम सोनसरी तहसील अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि हम दोनो का विवाह दिनांक 30/01/ 2025 को स्थान बद्री गार्डन टी.सी.एल. कॉलेज के पीछे जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में सम्पन्न हुआ है। और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 13/08/2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 30/06/2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार अकलतरा**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ:- जिला- जांजगीर-चांपा तहसील-अकलतरा प.ह.न.-00008 परसाही 65 ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- MD2024255 41006 500 010

**ईश्तहार**

तहसील अकलतरा के प.ह.न. 00008 के अंतर्गत ग्राम परसाही 65 के वर्तमान भूमिस्वामी होरिल पिता/पति-पुत्र टिंगाली पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 173/2 (0.4940), 982/1 (0.0490), 982/2 (0.0320), 1013/1 (0.2830), 1014/1 (0.0930), 1014/3 (0.1340), 1039 (0.1010), 1520/2 (0.0490), 1522/5 (0.0040), 1523/2 (0.1620), 1523/6 (0.0400), 1565/1 (0.0280), 1832/1 (0.2750) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता नर्मदा गंगाराम सीताराम राधेश्याम गंगाबाई पिता/पति-होरिल सुकमत बाई बेवा होरिल पता-सा देह के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/08/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अकलतरा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/07/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार तहसील अकलतरा

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती सरिता देवांगन पति ठाकुर प्रसाद देवांगन उम्र 38 वर्ष स्थायी निवास वार्ड नं.-10 अखराभांठा, सक्ति, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) वर्तमान निवास थाना चौक, रानी रोड, मुकाम पोस्ट चांपा, तहसील चांपा, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) की हूं। मेरी पुत्री प्रीति देवांगन उम्र-17 वर्ष जिसका आधार कार्ड नं.- 862490415454 है, उक्त आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में पुत्री का नाम शोभा देवांगन दर्ज है, जबकि मेरी पुत्री के शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम प्रीति देवांगन दर्ज है। नाम में एकरूपता लाने व भविष्य में होने वाली विसंगतियों से बचने के लिए मैं, मेरी पुत्री का नाम उसके शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज नाम के आधार पर प्रीति देवांगन (PREETI DEWANGAN) रखना चाहती हूं, जिसके चलते आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेज, शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ अशासकीय/बैंकिंग दस्तावेज व अन्य दस्तावेज में जहां भी मेरी पुत्री का नाम शोभा देवांगन दर्ज है के स्थान पर संशोधन कर प्रीति देवांगन (PREETI DEWANGAN) दर्ज करवाना चाहती हूं एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहती हूं, अतः आज दिनांक- 29.07.2025 से मेरी पुत्री से संबंधित दस्तावेज, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं भविष्य में जारी होने वाले दस्तावेज में मेरी पुत्री का नाम प्रीति देवांगन (PREETI DEWANGAN) संशोधित व संबोधित किया जावे।

सूचना जाने।

**भवदीय**
**(श्रीमती सरिता देवांगन)**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै श्रीमती सरिता देवांगन पति ठाकुर प्रसाद देवांगन उम्र 38 वर्ष स्थायी निवास वार्ड नं.-10 अखराभांठा, सक्ति, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) वर्तमान निवास थाना चौक, रानी रोड, मुकाम पोस्ट चांपा, तहसील चांपा, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) की हूं। मेरी पुत्री सुगंधा देवांगन उम्र 14 वर्ष, जिसका आधार कार्ड नं.- 806207661599 है, उक्त आधार कार्ड में पुत्री का नाम सिमरन देवांगन दर्ज है, जबकि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम सुगंधा देवांगन दर्ज है। नाम में एकरूपता लाने व भविष्य में होने वाली विसंगतियों से बचने के लिए मैं, मेरी पुत्री का नाम उसके जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज नाम के आधार पर सुगंधा देवांगन (SUGANDHA DEWANGAN) रखना चाहती हूं, जिसके चलते आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेज, शासकीय/अर्द्धशासकीय / अशासकीय / बैंकिंग दस्तावेज व अन्य दस्तावेज में जहां भी मेरी पुत्री का नाम सिमरन देवांगन दर्ज है के स्थान पर संशोधन कर सुगंधा देवांगन (SUGANDHA DEWANGAN) दर्ज करवाना चाहती हूं एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहती हूं, अतः आज दिनांक- 29.07.2025 से मेरी पुत्री से संबंधित दस्तावेज, आधार कार्ड एवं भविष्य में जारी होने वाले दस्तावेज में मेरी पुत्री का नाम सुगंधा देवांगन (SUGANDHA DEWANGAN) संशोधित व संबोधित किया जावे।

सूचना जाने।

**भवदीय**
**(श्रीमती सरिता देवांगन)**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चांपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियों के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चांपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
डॉ. प्रदीप जैन MBBS, MS, MCh, DrNB
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन MBBS, MS, FPRS OPHTHALMOLOGIST PHACO & LASIK SPECIALIST
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
आयुष्मान भारत योजना
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
जनरल सर्जरी विभाग
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# जेआरडी टाटा का रोल करेंगे नसीर, जारी हुआ लुक

**मुंबई।** बॉलीवुड के उम्दा एक्टर नसीरुद्दीन शाह अपकमिंग सीरीज 'मेड इन इंडिया - ए टाइटन स्टोरी' में जेआरडी टाटा का रोल करेंगे। हाल ही में नसीर के लुक ने सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। यूजर्स को भी जेआरडी टाटा के लुक में नसीरुद्दीन शाह अच्छे लगे। नसीरुद्दीन शाह के नए लुक को लेकर यूजर्स ने अलग-अलग तरह के रिएक्शन दिए हैं। भारत रत्न से सम्मानित जेआरडी टाटा की 121वीं जयंती पर मंगलवार को सीरीज 'मेड इन इंडिया - ए टाइटन स्टोरी' से जुड़े कुछ फोटोज शेयर किए गए। इसमें नसीरुद्दीन शाह जेआरडी टाटा के गेटअप, लुक में नजर आ रहे हैं।

## लाइफ Style



# तनीषा

## नए लोगों को प्यार दें और उनकी तारीफ करें

फिल्म 'सैयारा' के निर्माताओं पर यह इल्जाम लग रहे हैं कि वह लोगों को नकली प्रदर्शन करने के लिए उन्हें पैसे दे रहे हैं। इस पर तनीषा मुखर्जी ने प्रतिक्रिया दी है। 18 जुलाई को रिलीज हुई मोहित सूरी की फिल्म सैयारा साल कबड़ी हिट फिल्मों में से एक साबित हुई है।

एजेंसी ⏭ मुंबई


नए कलाकारों अहान पांडे और अनीत पड्डा अभिनीत इस फिल्म की कहानी ने युवा दर्शकों को आकर्षित किया है। सिनेमाघरों में लोगों की प्रतिक्रियाओं के भावुक वीडियो वायरल हो रहे हैं। जहां कई लोगों ने फिल्म की तारीफ की है, वहीं कुछ लोगों ने इस पर संदेह भी जताया है, जिसके बाद अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। दरअसल यूट्यूब पर एक चैनल 'द बार्बर शॉप विद शांतनु' में दावा किया गया कि सिनेमाघरों में भावनात्मक चीजें नकली और बनावटी होते हैं। वक्ता ने आरोप लगाया कि फिल्म देख कर सिनेमाघरों में लोग जो प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं वह झूठी हैं। उन्होंने कहा 'इस बेतुकी सैयारा फिल्म के साथ क्या हो रहा है? मेरे विचार से, इस फिल्म के निर्माता ने कई युवाओं को सिनेमाघरों में जाकर रोने का भावनात्मक प्रदर्शन करने के लिए 500 रुपए दिए हैं। इस तरह फिल्म का प्रचार हो रहा है। तनीषा मुखर्जी ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे नकारात्मक बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा 'पूरी तरह से असहमत। समय बदल रहा है और ये लोग अतीत में ही उलझे हुए हैं। नए लोगों को प्यार दें और उनकी तारीफ करें। यह आदमी बकवास कर रहा है।

## हॉलीवुड मसाला



# टूडो को डेट कर रहीं कैटी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की पॉप सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो इन दिनों सुर्खियों में हैं और इसकी वजह है दोनों की साथ में डिनर डेट। मॉन्ट्रियल में दोनों को एक हाई-एंड रेस्टोरेंट में एक साथ डिनर करते और बाद में पार्क में टहलते देखा गया, जिससे सोशल मीडिया और इंटरनेशनल मीडिया में उनके बीच डेटिंग को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है। कैटी पेरी इन दिनों अपने 'लाइफटाइम्स टूर' के लिए कनाडा में हैं और इसी दौरान वो मॉन्ट्रियल पहुंचीं।



# इंटरस्टेलर के लिए क्रिस्टोफर नोलन नहीं थे पहली पसंद

**लॉस एंजिल्स।** आपको ओपेनहाइमर, इंसेप्शन, इंटरस्टेलर और बैटमैन जैसी हॉलीवुड फिल्में तो याद ही होंगी। इन फिल्मों की गिनती हॉलीवुड की कुछ एक चुनिंदा फिल्मों में होती है। इन सभी फिल्मों को बनाया है हॉलीवुड के दिग्गज निर्देश, निर्माता और स्क्रीनराइटर क्रिस्टोफर नोलन ने। क्रिस्टोफर नोलन की सुपरहिट फिल्म इंटरस्टेलर के लिए क्रिस्टोफर पहली पसंद नहीं थे। बल्कि स्टीवन स्पीलबर्ग को 2006 में इस फिल्म का निर्देशन सौंपा गया था। जबकि स्क्रिप्ट राइटिंग का काम जोनाथन नोलन को मिला था। लेकिन 2012 में स्पीलबर्ग फिल्म से अलग हो गए। इसके बाद जोनाथन नोलन ने अपने भाई क्रिस्टोफर नोलन को इस फिल्म के बारे में बताया और इस तरह से क्रिस्टोफर 'इंटरस्टेलर' से जुड़े और ये एक शानदार फिल्म बनकर तैयार हुई।



# परम सुंदरी का गाना परदेसिया रिलीज

**नई दिल्ली।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की अपकमिंग फिल्म परम सुंदरी का पहला गाना परदेसिया रिलीज हो गया है। यह एक लव सॉन्ग है, जो लोगों को खूब पसंद आ रहा है। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की केमिस्ट्री जबरदस्त लग रही है। दोनों के रोमांस ने परम सुंदरी फिल्म के लिए लोगों की एक्साइटमेंट को दोगुना कर दिया है। परदेसिया गाने को सोनू निगम और कृष्णकली साहा की अपनी मधुर आवाज से सजाया है, जिससे इंटरनेट पर हलचल मच गई है। इस गाने को सचिन-जिगर की जोड़ी ने कंपोज किया है और लिरिक्स अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे है। फिल्म दुनियाभर के सिनेमाघरों में 29 अगस्त को रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, जिसमें फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया गया है।



# नई फिल्म के लिए फरहान से मिलाया हाथ

**मुंबई।** सनी देओल ने हाल ही में गदर 2 और जाट जैसी बेहतरीन फिल्मों में कम किया है। इन फिल्मों की कामयाबी के बाद वह काफी मशहूर हुए हैं। अब वह लगातार कई फिल्में साइन कर रहे हैं। फिलहाल सनी देओल के पास लाहौर 1947, रामायण और बॉर्डर 2 जैसी बड़ी फिल्में हैं। खबर है कि सनी देओल ने फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के प्रोडक्शन हाउस एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ एक नई फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह प्रोजेक्ट एक एक्शन थ्रिलर है। सनी देओल पहली बार एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ काम करने जा रहे हैं। बताया जाता है कि दोनों के बीच कुछ वक्त से बातचीत चल रही है। वे एक बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर फिल्म पर साथ काम करने के लिए तैयार हैं। सनी देओल को स्क्रिप्ट पसंद आई है।

## टीवी मसाला



# 25 साल बाद तुलसी को देख भावुक हुए दर्शक

**नई दिल्ली।** टीवी के सामने सबकी आंखों में एक अलग सी चमक थी, ना कोई फोन, ना कोई डिस्ट्रैक्शन, सिर्फ क्योंकि सास भी कभी बहू थी, इसका जादू सच में रियल है। यह सीरियल वापस आ गया है। कुछ ऐसे ही रिव्यू एक्स (ट्विटर) पर यूजर्स ने सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को देखकर दिए हैं। कई यूजर्स इस सीरियल के नए सीजन को देखकर काफी खुश हैं, साथ ही इमोशनल भी हो रहे हैं। कुछ यूजर्स ने सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का पहला एपिसोड देखते हुए फोटो, वीडियो शेयर किए हैं। एक यूजर ने सीरियल देखते हुए अपने परिवार की तस्वीर साझा की और लिखा, इतने साल बाद भी स्मृति ईरानी तुलसी के रूप में आइकॉनिक हैं। एक अन्य यूजर ने भी सीरियल की स्टार कास्ट की तारीफ की। वह लिखता है, 'वाह, पुरानी यादें ताजा हो रही हैं। बचपन में मैं अपनी दादी और मां के साथ इस सीरियल को देखा करता था। करण (हितेन तेजवानी) और नंदनी (गौरी प्रधान) हमेशा से मेरे पसंदीदा रहे हैं। स्मृति ईरानी की स्क्रीन पर मौजूदगी अब भी जबरदस्त है। अमर उपाध्याय अब भी वैसे ही दिखते हैं। एक अन्य यूजर ने लिखा, यह शो आज भी आइकॉनिक है। कुछ यूजर्स ने इमोशनल तो कुछ यूजर्स ने मजेदार कमेंट भी सीरियल के कमबैक पर लिख हैं। एक यूजर लिखता है, डेली सोप (सीरियल) की जीत हुई। आज मैंने घर में एंट्री ली तो मेरी मां और पत्नी साथ बैठकर 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के नए सीजन को देख रही थीं, सच में जिंदगी एक फुल सर्कल है। एक अन्य यूजर ने लिखा, आज घर की शांति तब टूटी जब बैकग्राउंड म्यूजिक बजा- 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी''। सच में पुरानी यादें ताजा हो गईं।

## जीवन में कई कठिन मोड़ का किया सामना

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुदेश लहरी ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अपनी पर्सनल लाइफ से लेकर अपनी प्रोफेशनल लाइफ के बारे में कई खुलासे किए। उनहोंने बताया कि कैसे वह गरीबी में बड़े हुए हैं। एक समय ऐसा भी था जब उनके पास स्कूल जाने के लिए पैसे नहीं थे। उन्होंने आगे कहा कि वह पढ़े-लिखे नहीं हैं और साइनबोर्ड भी नहीं पढ़ सकते। फिर भी, वह पैसे खर्च करने और जीवन का आनंद लेने में विश्वास रखते थे। अपनी शादी को लेकर सुदेश ने बताया, 17 साल की उम्र में मेरी शादी हुई। मेरी पत्नी 15 साल की थी। हम समझ नहीं पा रहे थे कि क्या कर रहे हैं। बच्चों के जन्म के बाद भी हमें कुछ समझ नहीं आता था। हमारे पास पैसे नहीं थे। अस्पताल का खर्च भी नहीं उठा सकते थे। अपनी पढ़ाई को लेकर सुदेश ने बताया, मैं अनपढ़ हूं। मैंने कभी स्कूल नहीं देखा। पैसे कमाने के लिए मैं दुकानों पर काम करता था, मैकेनिक का काम करता था।



# इस फिल्म ने 60 लाख रुपए के बजट में कमाए 8 करोड़ ...

नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई कम बजट फिल्में रही हैं, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं, कुछ फिल्में ऐसी भी हैं, जो बजट में ज्यादा होने के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन नहीं कर पाईं। इन फिल्मों की तो बड़ी स्टार कास्ट भी इन्हें फ्लॉप होने से नहीं बचा पाई। जबकि कुछ फिल्मों ने बेहद ही कम बजट के साथ बॉक्स ऑफिस पर हिट का टैग लेकर एक बेंच मार्क सेट कर दिया। आज ऐसी ही एक फिल्म के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं। यह फिल्म साल 2007 में आई थी, जिसने सभी को हंसने पर मजबूर कर दिया था। यह फिल्म थी भेजा फ्राई, जिसमें विनय पाठक नजर आए थे।

### विनय पाठक आए थे नजर

विनय पाठक अपनी शानदार एक्टिंग और जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं। फिल्म में उनके अलावा अदिति गोवित्रिकर, सुरेश मेनन, सारिका, रणवीर शौरी, मिलिंद सोमन, रजत कपूर, मिनिषा लांबा जैसी स्टार कास्ट को भी देखा गया था। फिल्म में विनय पाठक की कॉमेडी ने लोगों को खूब हंसाया था। यह फिल्म साल 1998 में आई डिनर द कान्स, ली फ्रेंच फिल्म का हिंदी रीमेक थी।



### वर्ल्डवाइड कलेक्शन 18 करोड़

आपको जानकर हैरानी होगी कि भेजा फ्राई का कुल बजट केवल 60 लाख रुपए था, जबकि रिलीज के बाद इसने बॉक्स ऑफिस पर 8 करोड़ रुपए का तूफानी कलेक्शन किया था। वर्ल्डवाइड फिल्म का कलेक्शन 18 करोड़ रुपए रहा था। यह फिल्म इस कदर पसंद की गई थी कि साल 2011 में इसका सीक्वल बना, जिसमें विनय पाठक के साथ केके मेनन नजर आए। भेजा फ्राई 2 भी लोगों को गुदगुदाने में कामयाब रही थी।

# रिलीज से पहले ही मुश्किल में सन ऑफ सरदार-2

नई दिल्ली। सैयारा और महावतार नरसिम्हा जैसी लगातार सक्सेस के साथ बॉक्स ऑफिस अपनी पूरी चमक बिखेर रहा है। लेकिन, इन दोनों फिल्मों की कामयाबी के साथ ही देशभर में इन्हें दिखाने को लेकर भी होड़ मच गई है। अजय देवगन अपनी फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' के साथ फिर से पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। लेकिन, डिस्ट्रिब्यूटर्स पीवीआरइनॉक्स को नॉन नेशनल चेन्स और सिंगल स्क्रीन्स में जरूरी शो पाने में मुश्किल हो रही है। एक ट्रेड सोर्स ने बताया, 'सैयारा बॉक्स ऑफिस पर दमदार प्रदर्शन कर रही है और प्रदर्शक तीसरे हफ्ते में भी इस रोमांटिक कहानी को हाथ से जाने नहीं देना चाहते। महावतार नरसिम्हा भी अपनी स्पीड पकड़ रही है और दर्शकों की मांग के साथ फिल्म की कलेक्शन में भी तेजी आ रही है। अजय देवगन की एक फ्रैंचाइजी की कॉमेडी फिल्म होने के चलते पीवीआरइनॉक्स कुल शो का 60 पर्सेंट मांग रहा है, हालांकि थियेटर मालिक अपनी प्रॉपर्टीज पर 35 पर्सेंट से ज्यादा शो आवंटित करने को तैयार नहीं हैं। जहां कुछ सिंगल स्क्रीन हर दिन दो शो पर राजी हो गए हैं, वहीं




नॉन नेशनल चेन्स सन ऑफ सरदार 2 को 35 पर्सेंट से ज्यादा शो देने को तैयार नहीं हैं। इससे पीवीआरइनॉक्स नाराज है और ज्यादा शो हासिल करने के लिए संघर्ष जारी है। दिलचस्प बात यह है कि फिलहाल माहौल को देखते हुए नॉन नेशनल चेन और सिंगल स्क्रीन में सायरा और महावतार नरसिम्हा दोनों को तरजीह दे रही है। धड़क 2 की टीम पहले दिन लगभग 1000 स्क्रीन्स पर अपनी रिलीज को लेकर काफी मजबूती से अड़ी है। वे बड़ी रिलीज की उम्मीद नहीं कर रहे हैं, बल्कि 1000 स्क्रीन्स पर स्ट्रैटेजिक रिलीज से खुश हैं।

## महावतार नरसिम्हा से रामायण तक: सिनेमा में माइथोलॉजी की वापसी

# भारतीय पौराणिक कहानियों पर आधारित हैं ये पांच फिल्में

*नई दिल्ली। बहुत से लोग बचपन से ही पौराणिक कहानियां और लोक कथाएं पढ़ते और टीवी पर देखते आए हैं। अब इन कहानियों को बड़े पर्दे पर ऐसे अंदाज में पेश किया जा रहा है, जो भव्यता और नई कहानी कहने के अंदाज का मेल है। जिन किरदारों को हमने कई साल तक पसंद किया, वे अब नए रूप में लौट रहे हैं, नए जमाने के दर्शकों से जुड़ने के लिए. 'कल्कि 2898' एडी जैसी फिल्मों के बाद अब सिनेमा में पौराणिक कहानियों की वापसी का दौर शुरू हो चुका है। रामायणम, महावतार नरसिम्हा और कई अन्य बड़ी फिल्मों के साथ भारतीय पौराणिक कथाएं एक बार फिर सिनेमा की मुख्यधारा में अपनी जगह बनाने को तैयार हैं*

**रामायणम** : कई साल से हमने रामायण की कई कहानियां देखी हैं, लेकिन नितेश तिवारी की आने वाली रामायणम अब तक की सबसे भव्य होने वाली है। इसमें राम के रूप में रणबीर कपूर, सीता के रूप में साई पल्लवी, रावण के रूप में यश, हनुमान के रूप में बॉबी देओल और लक्ष्मण के रूप में रवि दुबे नजर आएंगे. दो भागों में बनने वाली ये फिल्म आईमैक्स पर पूरी दुनिया में रिलीज होगी, पहला भाग दिवाली 2026 में, और दूसरा दिवाली 2027 में सिनेमाघरों में दस्तक देगा।

**महावतार नरसिम्हा** : 'महावतार नरसिम्हा' महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स की पहली फिल्म है, एक नई शुरुआत करने वाली 7 फिल्मों की एनिमेटेड सीरीज, जिसमें भगवान विष्णु के दस अवतारों की कहानी दिखाई जाएगी। इस फिल्म को क्लीम प्रोडक्शंस ने बनाया है और इसे होम्बले फिल्म्स पेश कर रही है। कहानी भगवान विष्णु के चौथे अवतार नरसिम्हा पर आधारित है, आधे सिंह और आधे मानव वाले उस रूप पर, जो अपने भक्त की रक्षा के लिए बुराई का अंत करते हैं। 25 जुलाई को यह फिल्म 3डी में और पांच भाषाओं में रिलीज हो गई है, जिससे भारत की अब तक की सबसे बड़ी माइथोलॉजिकल फ्रेंचाइज लॉन्च हुई।



**कंतारा: चैप्टर 1** : कंतारा: चैप्टर 1 एक ऐसी कहानी है, जिसका इंतजार लोग कर रहे हैं। यह फिल्म कंतारा से पहले की कहानी बताएगी। इसमें दिखाया जाएगा कि इंसान, प्रकृति और भगवान के बीच खास रिश्ता कैसे शुरू हुआ। यह कहानी पुराने समय की है और इसमें लोककथा और आस्था की झलक मिलेगी। ऋषभ शेट्टी इसे अपने अंदाज में 2 अक्टूबर को लेकर आ रहे हैं।

***जय हनुमान*** *: जय हनुमान एक बड़ी धार्मिक कहानी पर बनी फिल्म है, जिसमें ऋषभ शेट्टी भगवान हनुमान का रोल निभा रहे हैं। इसे हनुमान फिल्म बनाने वाले डायरेक्टर प्रशांत वर्मा ने बनाया है। फिल्म को भूषण कुमार और मैथरी मूवी मेकर्स ने मिलकर बनाया है। इसके जरिए भारत का अपना सुपरहीरो यूनिवर्स शुरू करने की तैयारी है। इसमें भगवान की कहानियों को नए तरीके से दिखाया जाएगा, जिससे यह फिल्म भारतीय संस्कृति और दुनिया भर के दर्शकों को पसंद आएगी।*

***महाभारत*** *: आमिर खान ने हाल ही में बताया कि वह महाभारत'को प्रोड्यूस करने जा रहे हैं। उन्होंने वादा किया है कि यह फिल्म कुछ ऐसा लेकर आएगी जो आज तक किसी ने नहीं देखा होगा। फिलहाल फिल्म से जुड़ी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।*

## खबर संक्षेप

### हज यात्रा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को बढाए जाने की मांग

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमेन मोहम्मद इमरान ने हज 2026 के लिये प्रदेश से जाने वाले इच्छुक हज यात्रियों से प्राप्त हो रही निरंतर पृच्छा को ध्यान मे रखते हुए उन्होने हज कमेटी ऑफ इंडिया के चीफ एक्ज़क्युटिव्ह ऑफिसर को पत्र प्रेषित कर हज आवेदन करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाये जाने की मांग की है। उन्होने बताया कि हज 2026 के लिये प्रदेश के समस्त जिलों से आवेदन प्राप्त हो रहे है। राज्य हज कमेटी के माध्यम से जाने के इच्छुक हज यात्रियों में उत्साह है। इसे दृष्टीगत रखते हुए आवेदन करने हेतु अतिरिक्त समय दिये जाने की मांग हज कमेटी ऑफ इंडिया से उनके द्वारा की गई है।

### विभिन्न पाठ्यक्रमों में 31 अगस्त तक मिलेगा प्रवेश

**बलौदा।** छत्तीसगढ़ राज्य का शासकीय मुक्त विश्वविद्यालय पंडित सुंदरलाल शर्मा अध्ययन केंद्र .डॉ .भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में प्रवेश की प्रक्रिया 1 जुलाई से प्रारंभ हो चुकी है जो 31 अगस्त तक चलेगी। अध्ययन केंद्र के सहायक पंकज गौरहा ने बताया कि हमारे अध्ययन केंद्र (बी 1604) में ऑनलाइन प्रवेश प्रारंभ हो गई है जिसमें बी.ए. बी.एस .सी बी.कॉम बी.बी .ए .स्नातक स्तर पर एम.ए अंग्रेजी ,संस्कृत ,छत्तीसगढ़ी हिंदी, राजनीति ,समाजशास्त्र शिक्षा, एमएससी कंप्यूटर साइंस एमएससी गणित ,एमएसडब्ल्यू पीजीडीसीए ,डीसीए ..उच्च शिक्षा प्राप्त करने का यह वैकल्पिक तरीका है , यह उन लोगों के लिए विशेष उपयोगी है जो प्रारंभिक शिक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाते हैं। शासकीय अशासकीय कर्मचारी जो काम करते हुए पढ़ाई करना चाहते हैं, उनके लिए उपयोगी है, उम्र का बंधन नही है। एस .सी ,एस टी. छात्रों को छात्रवृत्ति की सुविधा अधिक जानकारी के लिए छात्र कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### शराब के नशे में स्कूल आने वाले प्रधान पाठक का स्थानांतरण करने की मांग

**अकलतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला सागर पारा अमोरा के प्रधान पाठक लोकपाल बर्मन के द्वारा शराब के नशे में शाला आने एवं विद्यार्थियों से अनर्गल व्यवहार करने की शिकायत ग्राम की सरपंच श्रीमती सुधा नवल सिंह के द्वारा कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी से करते हुए प्रधान पाठक के स्थानांतरण की मांग की गई है। पत्र में सरपंच ने अधिकारियों को बताया है कि प्रधान पाठक लोकपाल बर्मन आए दिन स्कूल से नदारद रहते हैं एवं जब भी आते हैं शराब के नशे में होते हैं जिससे शाला के छात्र-छात्राओं पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। प्रधान पाठक को कई बार मौखिक चेतावनी दी जा चुकी है उसके बावजूद उनके व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आ रहा है। 29 जुलाई को निरीक्षण के दौरान शैक्षिक समन्वयक के द्वारा बच्चों से पूछे जाने पर छात्र-छात्राओं के द्वारा शैक्षिक समन्वयक को बताया गया कि प्राथमिक शाला सागरपारा अमोरा के प्रधान पाठक जब भी शाला आते हैं तो शराब के नशे में होते हैं एवं उनका व्यवहार शाला के बच्चों को अच्छा नहीं लगता है। शैक्षिक समन्वयक के द्वारा अपने अनुवीक्षण टीप में बच्चों द्वारा किए गए शिकायत का उल्लेख भी किया गया है। सरपंच के द्वारा पत्र में शासकीय प्राथमिक शाला सागरपारा अमोरा के एक शिक्षक का युक्तियुक्तकरण में अन्यत्र स्थानांतरण होने के चलते इसके एकल शिक्षकीय शाला हो जाने पर शासकीय प्राथमिक एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सागरपारा अमोरा को दो पालियों में संचालित ना करके केवल एक पाली में संचालित करने की मांग भी की गई है। साथ ही सरपंच श्रीमती सुधा नवल सिंह के द्वारा शराबी प्रधान पाठक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

### पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्व विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

**खरौद।** पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर अध्ययन केंद्र शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद में प्रवेश 1 जुलाई से विभिन्न पाठ्यक्रमों बीए बीएससी बीकॉम एम ए शिक्षा हिंदी,अंग्रेजी, समाजशास्त्र,राजनीति विज्ञान,छत्तीसगढ़ी, एमएससी गणित एम काम,डिप्लोमा योग विज्ञान बी लीव, एमएसडब्ल्यू आदि में प्रवेश प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय के वेबसाइट में ऑनलाइन प्रवेश ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अध्ययन केंद्र में संपर्क कर सकते हैं।

सीमा पर तैनात जवानों के लिए भेजने आज सौंपी जाएंगी राज्य मुख्य आयुक्त को

# एक राखी सैनिक भाई के नाम, जिले के गाइड्स-रेंजर्स ने तैयार कीं 3 हजार राखियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रक्षाबंधन पर्व पर सैनिकों के प्रति सम्मान और भाईचारे की भावना को साकार करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा "एक राखी सैनिक भाई के नाम" अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में संचालित है। जिले में यह कार्य जिला मुख्य आयुक्त हितेश यादव के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है।

जिला आयुक्त ए. के. भारद्वाज द्वारा जिले की सभी गाइड्स, रेंजर्स, स्काउट्स एवं रोवर्स यूनिट्स को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी हेतु निर्देशित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भी अभियान को सराहा गया। जिले की छात्राओं द्वारा बनाईं गईं 3000 राखियां 1 अगस्त को राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव को सौंपी जाएंगी, जिनके माध्यम से इन्हें सेना मुख्यालय नई दिल्ली भेजा जाएगा, ताकि रक्षाबंधन के दिन देश के वीर सपूतों की कलाइयां भी बहनों के प्रेम से सजी रहें। डाक निरीक्षक (सबडिविजन) निखिल गोपाल की पहल पर पोस्ट मास्टर जोगिंदर धृतलहरे द्वारा गाइड्स को राखियों की डाकिंग हेतु 100 विशेष लिफाफे प्रदान किए गए। डाक अधीक्षक पंचराम खूंटे, पोस्टल असिस्टेंट धीरेंद्र राठौर, समीर गोस्वामी, नीतीश फिलिप एवं अमित कौशिक ने भी अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया। अभियान के अंतर्गत गाइड एवं रेंजर छात्राओं को राखी निर्माण के साथ-साथ समूह चित्र व वीडियो बनाकर समाचार पत्रों व सोशल मीडिया पर साझा करने के निर्देश दिए गए। डीटीसी गाइड डॉ. धनमत महंत, डीओसी गाइड कु. श्वेता जायसवाल तथा वरिष्ठ गाइडर्स –श्रीमती जयंती दुबे, श्रीमती अरुणा व्यास मिरी, श्रीमती गौरी साहू,श्रीमती दुर्गेश नंदनी राठौर,श्रीमती नंदनी यादव,श्रीमती देवकी वैष्णव, श्रीमती प्रतिभा यादव,श्रीमती बेबी ख्याति सोनी, श्रीमती पायल पाटले, काजल पाटले, ममता बिंझवारइन्हीं के संयोजन व मार्गदर्शन में यह निर्माण कार्य संपन्न हुआ। पतंजलि महिला योग समिति की पार्षद श्रीमती मनीषा गोपाल एवं पार्षद श्रीमती प्रीति यादव एवं ने भी अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। राखियाँ भेजने वाले प्रमुख विद्यालयों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़वा, खोखरा, तिलई, किरीत, सेमरा, सरवानी, करमंदा, कोसमंदा, लछनपुर, सुकली,आर. के. सिंह उमावि अकलतरा, शा. उमावि अमोरा, विवेकानंद उमावि बलौदा, पुमाशा अंगारखार, देवकिरारी, अमरताल, आमनारा, हरदी, प्राथमिक शाला शनिचराडीह, डीडीएस बिर्रा,उमड़ी बिर्रा , धूरकोट, भडसर, सलखन,नैला, सिवनी नैला , महंत , खरोद, चोरभट्टी और लायंस चांपा से राखियां प्राप्त हुई ।


जिला शिक्षा अधिकारी को राखी सौंपते जिला मुख्य आयुक्त एवं अन्य।

### सरहद पर मुस्तैद जवानों के लिए छात्राओं ने भेजी राखी



**बिर्रा।** शासकीय डीडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के छात्रों की सकारात्मक पहल और अनूठा प्रयास से एक राखी सैनिक भाई के नाम से राखी स्काउट गाइड कार्यालय जांजगीर चांपा भेजा गया। शासकीय डी डीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के सकारात्मक पहल और अनूठा प्रयास से एक राखी सैनिक भाई के नाम पर भेजने के लिए सबसे पहले प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार कुरे से सभी छात्रों ने चर्चा किया तथा प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार कुरे ने सभी बच्चों को बंधाई दी। आपके इस पहल से सैनिक भाई में नया मैसेज जाएगा तथा छात्रा कु दिव्या मनहर राधिका साहू तानिया साहू गीतू मंहत नीलम पटेल न्यासा पटेल दुर्गा सहिस हेमलता कुम्भकार ने प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार कुरे व्याख्याता राकेश साहू व्याख्याता सुशील नेताम व्याख्याता सरस्वती कुम्भकांर व्यायाम शिक्षक मुकुंद कृष्ण पांडेय की उपस्थिति में एक राखी सैनिक भाई के नाम पर जिला स्काउट गाइड कार्यालय जांजगीर चांपा को भेजा गया। उनका कहना था कि सरहद पर अपने सैनिक भाई की कलाई सुनी नहीं होनी चाहिए और एक राखी सैनिक भाई के नाम पर भेजने का संकल्प लिया।



## कृषि केन्द्र का किया निरीक्षण, स्टॉक में अंतर पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

▪ खाद की कालाबाजारी व अधिक कीमत पर बेचने वालों पर होगी कार्यवाही

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन पर जिले के किसानो को उच्च गुणवत्तायुक्त खाद, बीज व कीटनाशक उपलब्ध कराने तथा जिले में नकली खाद निर्माण, खाद की कालाबाजारी व अधिक कीमत पर विक्रय करने वाले व्यापारियों पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। जिसके लिए कृषि विभाग अंतर्गत कार्यरत जिला स्तरीय टीम व विकासखण्ड स्तरीय टीम द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है।

खरीफ फसल की बुआई प्रारम्भ हो चुकी है, इसी अनुक्रम में कृषि विभाग के उप संचालक श्री तरूण कुमार प्रधान के मार्गदर्शन पर अनुविभागीय कृषि अधिकारी सक्ती कृतराज एवं उर्वरक निरीक्षक सह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड सक्ती, द्वारा मेसर्स नमन कृषि केन्द्र सक्ती का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पीओएस स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में भिन्नता पाये जाने के कारण उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश-1985 के तहत कार्यवाही की गयी। जिस कारण उर्वरक निरीक्षक द्वारा मेसर्स नमन कृषि केन्द्र के उपलब्ध खाद को 21 दिवस के लिए विक्रय प्रतिबंध करते हुवे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर तोपनो के निर्देशन में कृषि विभाग के उप संचालक तरूण कुमार प्रधान द्वारा किसानों को खरीफ फसल हेतु उचित मूल्य पर खाद तथा उच्च गुणवत्तायुक्त खाद, बीज व कीटनाशक मिल सके इस हेतु विकासखण्डों में कार्यरत उर्वरक निरीक्षक,बीज निरीक्षक, कीटनाशी निरीक्षको को सतत निजी व्यापारियों का निरीक्षण करने हेतु कहा गया है। साथ ही किसानों को डीएपी के रूप में नैनो युरिया, नैनो डीएपी, 16:16:16 (एनपीके) तथा टीएसपी (ट्रिपल सुपर फास्फेट) का उपयोग करने हेतु प्रेरित करने कहा गया है।

## इंदिरा गांधी कॉलेज में मनाई गई मुंशी प्रेमचंद की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

राहौद शिक्षण समिति राहौद (शिक्षा महाविद्यालय ) के एनएसएस के स्वयंसेवक एवं सेविका के द्वारा महाविद्यालय में गुरुवार 31 जुलाई को मुंशी प्रेमचंद की जयंती बड़े धूमधाम हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया।

इस कार्यक्रम मे स्वयंसेवक एवं सेविका द्वारा पोस्टर तैयार करना, मुंशी प्रेमचंद के जीवनी के बारे में स्पीच, प्रोजेक्टर द्वारा उनके जीवन के बारे में बताना, इन सभी गतिविधियों को आज मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर स्वयंसेवक एवं सेविका द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने महाविद्यालय के संचालक दीपक कश्यप एवं प्राचार्य डॉ. कनक सिन्हा,विशिष्ट अतिथि सुष्मिता राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी जयराम कश्यप , सहायक कार्यक्रम अधिकारी तेनुजा साहू तथा महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी आर एन कश्यप , सहायक प्राध्यापक जी.पी. कौशिक , श्याम साहू, ग्रंथपाल अनुरुद्ध कश्यप एवम् प्रदीप वर्मा, अनिल कश्यप ने अपना सहयोग प्रदान किया। वहीं सभी एनएसएस के स्वयंसेवक एवं सेविका ने अपने सहभागिता निभाई देवेंद्र, प्रवीण,अर्चना, भारती, नागेश संजय, तरुण, सुनील, सुष्मिता, राम कुमारी,अर्चना, ज्योति, अजय, अंजना, कुलदीप,कल्याणी विशेष योगदान रहा।


पोस्टर के साथ कार्यक्रम में उपस्थित स्वयं सेवक।

### शिक्षक की नियुक्ति से विद्यार्थियों को मिल रही नियमित शिक्षा

**सक्ती।** शासकीय प्राथमिक शाला सेन्दरी युक्तियुक्तकरण की पहल के पहले एकल शिक्षकीय शाला था। उक्त विद्यालय में केवल एक शिक्षक होने के कारण शिक्षण प्रदान करने में कठिनाई होती थीं, अब युक्तियुक्तकरण के तहत एक शिक्षिका की पदस्थापना शासकीय प्राथमिक शाला सेन्दरी में हुई है। इससे विद्यार्थियों को संतुलित ढंग से शिक्षण उपलब्ध हो रहा है। साथ ही विद्यार्थीयों को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा भी मिल रही है। शिक्षकों की उपलब्धता से न केवल पढ़ाई के स्तर पर सुधार हो रहा है बल्कि विद्यार्थियों, अभिभावकों में भी हर्ष व्याप्त है। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के सफल क्रियान्वयन से यह स्पष्ट है कि सरकार शिक्षा को लेकर गंभीर है। जिले में युक्तियुक्तकरण के पूर्व एकल शिक्षकीय प्राथमिक शाला 128 थे, जिसमें शिक्षकों की व्यवस्था की गई है।

## बिहान क्रेडरों को दी गई क़ानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

▪ आरसेटी में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर द्वारा आरसेटी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बलौदा ब्लॉक के चारपारा, जर्वे ब, पहरिया और कुरदा कलस्टर के क़ृषि सखी और पशु सखी दीदियों को पाकसो एक्ट, साइबर अपराध, और मोटर व्हील एक्ट के बारे में कुमारी सुनीता साहू विशेष न्यायाधीश एकट्रोसीट जांजगीर, श्रीमती अंजू साहू प्रथम ब्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी जांजगीर, कुमारी प्रीति पॉलीवाल प्रथम ब्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी जांजगीर तथा जयराम गढ़ेवाल द्वारा क़ानून के सम्बन्ध में विस्तारपुर्वक जानकारी दी गई। शिविर में बिहान की क्रेडरो ने भी न्यायाधीश से क़ानून को लेकर कई सवाल किया। इस मौके पर फेकेल्टी अरुण पाण्डेय, मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव, योगेश यादव, किशन निर्मलकर, दाताराम कश्यप,बिहान के क्रेडर्स शशि कर्ष, पुष्पा यादव, नीरा यादव, पार्वती यादव, अंजू साहू, बीना यादव, अन्नू, ममता कुम्भकार, गायत्री,काजल डहरिया, मनीषा तिवारी, दुर्गा अनंत, धनेश्वरी भारद्वाज, लक्ष्मीन बरेठ, सुन्दर बाई कंवर, रामबाई साहू, देवकुमारी खूंटे, पूजा यादव, शिवरात्रि, लक्ष्मीन यादव, किरण सराफ, बेदनी साहू, रेखा साहू, उषा यादव, कलाबाई यादव, बचन बाई केवट, कविता यादव, फेकन बाई बिंझवार, माहेश्वरी यादव, अनुपा, सविता कश्यप, लता यादव, संतोषी अनुपा बैनर्जी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।


बिहान क्रेडरों को कानूनी जानकारी देती न्यायाधीश।

## अग्रवाल महिला समिति ने हरियाली तीज महोत्सव का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अग्रवाल महिला समिति द्वारा हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ जानकीलाल लिखमानिया धर्मशाला में किया गया।

इस अवसर पर अग्रवाल महिला समिति के सदस्यों ने सावन के झूले झूले, स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए,तीज के पारंपरिक गीत गाए गए साथ ही हौजी, लक्की ड्रा सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। लक्की ड्रा में कल्पना केडिया ने डायमंड रिंग जीती। ड्रा अग्रवाल समाज के अध्यक्ष विजय केडिया और सह सचिव मनोज अग्रवाल ने निकाला। हौजी प्रतियोगिता में 16 महिलाओं को चांदी के सिक्के और लक्ष्मी-गणेश की चांदी की प्रतिमा दी गई। विजेताओं में नेहा भोजासिया, किरण केडिया, वंशिका लिखमानिया, अंशिका लिखमानिया, काजल सिंघानिया, भव्या सिंघानिया, सिम्मी गोयल, प्रियल केडिया, पारुल केडिया, मानसी अग्रवाल, माही खखंडलिया, संजू कमानिया, नेहा अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल और आरती अग्रवाल शामिल रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष विजय केडिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से समाज में आपसी सद्भाव बढ़ाने एवं एक दूसरे को बेहतर ढंग से जानने समझने के साथ महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। समिति अध्यक्ष रीना केडिया ने बताया आयोजन महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से किया गया। परंपरा और संस्कृति के साथ तीज धूमधाम से मनाई गई। एक लाख रुपए के उपहार बटि गए। कार्यक्रम में समिति की संरक्षक प्रभा मनकासा, संतोष आप्रवाल, रेखा अप्रवाल, सुनीता गोयल, उपाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, सह सचिव किरण तुलस्यान, कोषाध्यक्ष ममता अग्रवाल और समाज की अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।


विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते अग्रवाल समाज के अध्यक्ष।

## रैली निकाल कर महिलाओं ने दिया नशामुक्ति का संदेश

**डभरा।** नशाखोरी वर्तमान समय एक बड़ी समस्या है। ग्रामीण क्षेत्रों में सरलता से महुआ शराब एवं गांजा मिलने से युवा, किशोर व बच्चे भी इसके चपेट में आने लगे हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य, सामाजिक स्थिति एवं अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है।

इस समस्या को देखते हुए जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत ग्राम पंचायत नवापारा (ड) गांव के सरपंच, पंच एवं महिला समूह के सदस्यों एवं ग्रामीणों द्वारा नशा मुक्ति अभियान को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस संबंध में पंचायत भवन में बैठक का आयोजन किया गया जहां अवैध गांजा ,दारु बेचने वालों को बेचने से मना कर गांव को नशा मुक्त करने की बात कही गई है। गांव में अवैध महुआ शराब एवं नशे के सामान खुलेआम बिक्री करने से सभी वर्ग इसके चपेट में आ रहे है। महिलाएं नशा मुक्ति अभियान से ग्रामीणों, युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दे रहे है। गांव को नशा मुक्त रखने नशा मुक्ति अभियान रैली निकाली गई, जो गांव के पंचायत भवन से होते हुए गांव के सभी प्रमुख मोहल्ले में पहुंचकर गांजा, दारु बेचना बंद करो के नारे लगाते हुए रैली निकाली गई है। महिलाओं ने निर्णय लिया है कि ग्राम में प्रत्येक वार्ड में महिला की टीम बनाकर चरणबद्ध तरीके से नशाखोरी के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।


नशा मुक्ति अभियान को लेकर रैली निकालती महिलाएं।

## रुद्राभिषेक करने से सुख, शांति और समृद्धि की होती है प्राप्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम कटनई के पहाड़ी पर स्थित श्री सिद्ध देव पहरिया पाठ एवं मां भगवती दुर्गा मंदिर में नाग पंचमी के अवसर पर रूद्राभिषेक, बारह पार्थिव शिवलिंग व नाग नागिन पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । भक्तो द्वारा मिट्टी के बनाये गए पार्थिव शिवलिंग पर गंगा जल, दूध, दही ,मधुरस, धी,बेलपत्र, चंदन, गुलाल , अबीर,नारियल, धतूरा,फल, फूल , दूवी इत्यादि चढ़ाकर वैदिक मंत्रोंउच्चारण के साथ विधि विधान पूर्वक रुद्राभिषेक किया गया । मुख्य यजमान उमेंद राम साहू, संपत कश्यप, अमरनाथ निर्मलकर, कोमल कश्यप, सरिता कश्यप, नरेन्द्र कुमार, दंपती जोड़े के साथ शामिल हुए।

आचार्य विकास पांडेय एवं परस राम महराज द्वारा मंत्रोचार किया गया। रूद्राभिषेक के बाद हवन यज्ञ एवं शिव जी की आरती की गई। आचार्य विकास पांडेय ने बताया कि श्रावण के पवित्र माह में शिवलिंग पूजा अर्चना एवं अभिषेक करने से भगवान भोलेनाथ सबकी मनोकामना पूर्ण करते हैं साथ ही भक्तों को सुख शान्ति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। सिद्ध देव पहरिया पाठ समिति के चंद्रिका कुमार कश्यप ने कहा कि चार वर्षो से लगातार नागपंचमी के दिन इस पवित्र स्थल पर शिव रूद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है और आगे भी होता रहेगा।पूजा के बाद भक्तो को प्रसाद बाटा गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के द्वारा पूजन मे शामिल होने वाले भक्तो के लिए जलपान एवं भंडारे का व्यवस्था की गई थी। शिव रूद्राभिषेक के अवसर पर चंद्रिका कुमार कश्यप, नरेश राम कश्यप, दीपक कुमार साहू, अनंदराम, फिरोज कश्यप, खोजराम साहू ,खेमन कश्यप, बालकुसुम कंवर, आयुष, प्रेमलाल, चित्रकूट जोगेंद्र, रमैया, कार्तिक राम,धनुमान कश्यप , श्रवण साहू,धीरविजय सहित श्री सिद्ध देव पहरियां पाठ समिति , महिला समिति, शास. उच्चतर विद्यालय कटनई के विद्यार्थी एवं शिक्षक ,शिक्षिकाए पंच, सरपंच, ग्रामवासी कटनाई एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।



### प्री इंजीनियरिंग, मेडिकल प्रवेश परीक्षा की कोचिंग के लिए आवेदन 11 तक

**जांजगीर-चांपा।** वर्ष 2025-26 में राज्य के अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं। ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यार्थियों से 11 अगस्त समय सायं 4 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजना से संबंधित आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम तथा शर्तें इत्यादि विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास पुराना कलेक्टोरेट परिसर से संपर्क किया जा सकता है।

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह जुलाई 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 15 दिन | 4.00 | 60.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 31 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह जुलाई 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अगस्त 2025 तक जमा करें।
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

